# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जासूसी कराने के आरोप लगाते हुए केंद्र के खिलाफ हल्ला बोला

**धरना**

## प्रदेश कांग्रेस ने किया राजभवन कूच, पुलिस ने रोका, कांग्रेसियों ने सड़क पर दिया धरना

पदाधिकारियों समेत करीब 40 कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व उनके स्टाफ, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, चुनाव आयुक्त समेत कई व्यक्तियों का जासूसी कराने के आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है।

विरोध स्वरूप कांग्रेसियों ने गुरुवार को राजभवन कूच किया। हाथीबड़कला में पहले से मौजूद पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्त्ध्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर धरना दिया। कई पदाधिकारियों समेत करीब 40 कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और पुलिस लाइन ले गई। जहां कांग्रेसियों को रिहा



कर दिया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस लाइन मैदान पर ही सांकेतिक धरना देते हुए प्रदर्शन किया।

गुरुवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे दिलाराम चौक पर एकत्रित होकर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्त्ध्ताओं ने राजभवन कूच किया। पुलिस के रोकने के बाद कांग्रेसी हाथीबड़कला में सड़क पर बैठ गए। जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि देश में विभिन्न व्यक्तियों, पत्रकारों व मानव अधिकार कार्यकर्त्ताओं की जासूसी कराई जा रही है। यह मामला लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेगासस नाम से इजराइली साफ्टवेयर खारीद कर यह असंवैधानिक कृत्य किया। मोदी सरकार की यह हरकत अक्षम्य है। प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशभर में कांग्रेसजन सरकार के इस अलोकतांत्रिक कृत्य का न केवल विरोध कर रहे हैं, बल्कि देश के गृह मंत्री अमित शाह के तत्काल इस्तीफे की मांग भी कर रहे हैं।

इस मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर कांग्रेसजनों ने राजभवन कूच किया। इसमें पार्टी के सांसद, विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### खराब मौसम ने सीएम के पिथौरागढ़ दौरे को लेकर डाला खलल

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीएम बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी का सीमांत जनपद भ्रमण कार्यक्रम फिलहाल खराब मौसमके चलते रदद हो गया है। बता दें कि जिले मकं पार्टी कार्यकर्ता सीएम की स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए थे। वही पहली बार अपने गृह क्षेत्र में दौरे पर सीएम आने वाले थे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्सह देखने को मिल रहा था। वही अब मौसम के खराब होने के बाद मुख्यमंत्री का दौरा टल जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में मायूसी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने भी खासी तैयारियां कर रखी थी। वही क्षेत्र की जनता को भी मुख्यमंत्री का जिले में आने का खासा उत्साह दिख रहा था। फिलहाल जिले की जनता भी खासी मायूस दिखी। वही मौसम की बेरूखी ने सारे कार्यक्रम फिलहाल टाल दिये है।

### आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक को भी एलोपैथिक चिकित्सा के साथ उपलब्ध कराने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। आयुष्मान योजना मे राज्य के सेवानिवृत्त राजकीय पैशनर्स के लिए आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथिक चिकित्सा को भी एलोपैथिक चिकित्सा के साथ उपलब्ध कराया जाने की मांग स्वास्थ्य मंत्री धनसिहं रावत से की गयी है। पैशनर तथा संयुक्त नागरिक संगठन के महासचिव सुशील त्यागी द्वारा प्रेषित पत्र मे योजना के अन्तर्गत पैशनरस से की जा रही मासिक कटौती के बदले, ओपीडी जांचों दवाईयो की प्रतिपूर्ति व्यवस्था को समाप्त कर, इसे भी कैशलेस बनाया जाय। कहा गया है कि इससे विभागीय नियमो प्रक्रिया मे जकड़े बूढ़े नागरिक जहा दर दर धक्के खाने से मुक्त होंगे वहा शासन मे आनलाइन पेमेंट की व्यवस्था से भ्रष्टाचार और ईमानदारी आयेगी और सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार भी नही पढ़ेगा।

### एयरटेल और इंटेल ने भारत में 5जी को तीव्र गति देने के लिये साझेदारी की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्रमुख संचार समाधान प्रदाता, भारती एयरटेल (''एयरटेल'') ने आज वर्चुअल और ओपेन नेटवर्क एक्सेस (वीआरएएनध्ओ–आरएएन) टेक्नोलॉजी के लाभ के माध्यम से अपने 5जी नेटवर्क विकास के लिए इंटेल के साथ साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारत में एयरटेल के उस 5जी रोडमैप का हिस्सा है, जो अपने ग्राहकों को हाइपरकनेक्टेड दुनिया, जहां इंडस्ट्री 4.0 से लेकर क्लाउड गेमिंग और वर्चुअल संवर्धित वास्तविकता एक रोजमर्रा का अनुभव बन चुकी है, का पूरा लाभ उठाने की सुविधा देने के लिए अपने नेटवर्क में बदलाव ला रहा है। एयरटेल भारत का पहला दूरसंचार ऑपरेटर है जो प्रमुख शहरों में 5जी परीक्षण कर रहा है।

# पूरी तरह से घोटालों में लिप्त है जीरो टॉलरेंस की सरकार

जनता को 300 यूनिट बिजली प्रत्येक कनेक्शन पर फ्री दी जाएगी: रविंद्र सिंह आनंद

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने कहा की बिजली विभाग के आए दिन घोटाले सामने आ रहे हैं जिससे बिजली विभाग लगातार घाटे में जा रहा है एवं आए दिन बिजली उपभोक्ताओं के लिए रेट बढ़ा दिए जाते हैं इससे एक बात साफ होती है कि यदि इस प्रकार के घोटाले यू वे जीएनएल एवं यूपीसीएल में ना हो तो जनता को बिजली में राहत दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही इस प्रकार के भ्रष्टाचारों पर अंकुश लगेगा एवं जनता को 300 यूनिट बिजली प्रत्येक कनेक्शन पर फ्री दी जाएगी उन्होंने कहा इसी परिपेक्ष में आजकल उत्तराखंड की 70 की 70 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा फ्री बिजली के गारंटी कार्ड घर घर जाकर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहां की जनता को अब यह समझ में आ गया है की आम आदमी के हित में आम आदमी पार्टी ही काम कर सकती है उन्होंने कहां इसी संदर्भ में आज कैंट विधानसभा में एक कैंपेन चलाया गया जिसमें लगभग 500 घरों में लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली के गारंटी कार्ड फ्री उपलब्ध कराए गए।



## यूकेडी ने किया सरकार की सद्बुद्धि को बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने पुलिस के जवानों का ग्रेड पे 4600 किये जाने की मांग को लेकर सरकार की सद्बुद्धि के लिए बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। उत्तराखंड क्रांति डाल ने आज पार्टी कार्यालय में ग्रेड पे की मांग को लंबे समय से टालती आ रही भाजपा सरकार का बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। सरकार और अफसरों की सदद्बुद्धि को लेकर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हवन में अपनी आहुति डाली। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि यदि 23 जुलाई को होने वाली कैबिनेट बैठक में पुलिस कर्मियों का ग्रेड पे 4600 किए जाने का फैसला नहीं किया जाता तो 25 तारीख को पुलिस के परिजनों के आंदोलन को उत्तराखंड क्रांति दल भी अपना समर्थन देगा और इस आंदोलन को जन आंदोलन में तब्दील किया जाएगा।

# मेरे पिता के साहस भरे कारनामें आज भी लोगों के दिलों में जिंदादिली का भरते है साहस

■ सूबेदार जोशी को आखिरकार लंबे इंतजार के बाद मिला बहादुरी का रक्षा पदक

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।** पिथौरागढ़। देश के लिए साल 1962 , साल 1965 और साल 1971 के युद्वों में अपनी बहादुरी दिखाने वाले बर्तियाकोट बिबुल गांव निवासी सूबेदार जोशी को आखिरकार लंबे साल के इंतजार के बाद तीस साल तक ईमई रिकार्ड आफिस से बहादुरी का प्रतीक रक्षा पदक मिलने पर उनके परिवार में बेहद खुशी का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक स्वर्गीय जोशी जेसी नंबर 84979 साल साल 1958 में भरतीय सेना में शामिल हुए थे। साल 1990 में दनका टनकपुर में निधन हो गया था। बता दें कि स्वर्गीय जोशी आज भी लोगों के दिलों में अपने अदम्य साहस भरे कारनामों व देश सेवा के जज्बों को लेकर खासे याद किये जाते है। बहादुरी के लिए रक्षा पदक स्वर्गीय जोशी को जीवित रहते हुए तो नही मिल पाया। वही सैनिक पुर्नवास कार्यालय के अथक प्रयासों के बावजूद आखिरकार स्वर्गीय जोशी के छोटे पुत्र पुष्कर दत जोशी को टनकपुर में यह सम्मान रक्षा पदक दिया गया।

वही बहादुरी का पदक मिलने पर परिजनों ने सरकार का आभार जताया है। वर्तमान में स्वर्गीय जोशी का बडा पुत्र डाक्टर ललित मोहन जोशी आस्ट्रेलिया एडीलेट में और बेटी गीता जोशी गंगोलीहाट में



रहती है। वही छोटे पुत्र पुष्कर दत जोशी टनकपुर में रह रहे है।

स्वर्गीय जोशी के छोटे पुत्र ने कहा है कि उनके पिता के साहस भरे कारनामें आज भी लोगों के दिलों में जिंदादिली व साहस भरते है। उनके पिता को मिले रक्षा पदक पर उनके परिवार के लोगों ने इसे गर्व का पल बताया है।

## ब्राह्मण समाज महासंघ का द्वितीय स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय परम्पराओं को सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व है, संकल्प, पूजा, पद्दति विभिन्न हो सकती हैं लेकिन गन्तव्य सभी का एक सा है। इस दायित्व का निर्वहन करना मात्र ब्राह्मणों का काम नहीं है बल्कि समाज के अन्य वर्गों की जिम्मेदारी भी बनती है।

उक्त उदबोधन आज टपकेश्वर महादेव मंदिर, परिसर में आयोजित ब्राह्मण समाज महासंघ के द्वितीय स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में अध्यक्ष पद से बोलते हुए अनन्त विभूषित महंत किशनगिरी जी महाराज ने व्यक्त करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। ब्राह्मणों को इस दिशा में ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत है। ब्राह्मणों की मिल बैठकर मंथन करना चाहिए। भागवताचार्य पं. सुभाष चन्द्र जोशी ने कहा कि कर्म में आचरण की श्रेष्ठता प्रमुख होनी चाहिए। ब्राह्मण ने अपनी पहचान खो दी है, वह शिखा, सूत्र, सन्दल (तिलक), शस्त्र व शास्त्र से दूर हो गया है।